## खबर संक्षेप

### कान्हा टाइगर रिज़र्व में 'ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप' अभियान की शुरुआत

**मण्डला।** कान्हा टाइगर रिज़र्व में वन्यजीव संरक्षण को और मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश वन विभाग के नवाचार ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप की शुरुआत की है। यह विशेष अभियान 1 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य फंदों, विद्युत करंट, और अन्य अवैध शिकार उपकरणों के उपयोग को रोकना है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान मुख्यतः सर्दियों में बढ़ने वाले शिकार के मामलों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह न केवल शिकारियों में भय उत्पन्न करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक बनाएगा। कान्हा टाइगर रिज़र्व प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत विभाग को दें और इस प्रयास को सफल बनाने में योगदान दें। वन विभाग आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2024 के बीच फंदे और बिजली की तारों से 885 से अधिक शिकार के मामले दर्ज किए गए हैं। इन घटनाओं में राष्ट्रीय पशु बाघ सहित तेंदुआ, भालू, सांभर, मोर और अन्य कई वन्यजीवों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई है। अभियान की मुख्य विशेषताएं- सघन गश्तीरू वन विभाग की टीम और डॉग स्क्वाड दिन और रात गश्त करेंगे, जिससे शिकारियों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय समुदायों की जागरूकतारू अभियान के तहत आसपास के गांवों में प्रचार-प्रसार और स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। समीक्षा और पुरस्कार- अभियान के अंत में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### परीक्षाओं का समय नजदीक, छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

# अपार आईडी जनरेशन कार्य में व्यस्त शिक्षक

*** शासकीय शालाओं में पेश आ रही परेशानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




एक छात्र एक पहचान इसको लेकर सरकार ने देश के सभी छात्रों की एक यूनिक आईडी बनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया छात्र की यह आईडी उसके आधार कार्ड लिंक रहेगी ताकि भविष्य में यह न केवल उसके लिये लाभदायक होगी बल्कि छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं में हो रही धांधली को भी रोकने में मदद देगी।

सरकार की इस योजना को धरातल में उतारने जो दिशा-निर्देश थे उसका पालन तो निजी स्कूलों द्वारा जल्द ही कर लिया गया लेकिन शासकीय स्कूलों में दिक्कतें आती गई जिसके बहुत से कारण रहे अब शिक्षकों के इस कार्य में लगे रहने से न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि अभिभावक भी इसको लेकर चिंतित हैं।



नाम न छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों द्वारा बताया गया कि अपार आईडी जनरेशन का कार्य नवंबर माह में पूरा करने के निर्देश थे, जिले के जिम्मेवार अधिकारी द्वारा दिसंबर माह में शेष बच्चों की अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया गया है।

आगे शिक्षकों ने बताया कि यह प्रक्रिया बच्चों के आधार कार्ड और विद्यालय में संधारित अभिलेखों के मिलान होने पर ही होती है, स्थिति यह है कि कई बच्चों का आधार कार्ड या तो बना नहीं है या उसमें त्रुटियां हैं। इसके अलावा, कई बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं बने हैं, जिससे आधार कार्ड को अपडेट करना और अपार आईडी जनरेट करना मुश्किल हो रहा है। साथ ही बहुत से स्कूलों मे इंटरनेट एवं कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था न होने से शिक्षकों को अध्यापन कार्य छोड़कर कम्प्यूटर ऑनलाइन की दुकानों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिससे इस कार्य में लगे शिक्षक स्कूल मे टाईम नही दे पा रहे हैं।

देखने को मिल रहा है कि इन कार्यों में शिक्षक व्यस्त हो रहे हैं, जबकि उन्हें बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। क्योंकि बच्चों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने वाली है, और तीन महीने बाद बोर्ड परीक्षा भी है। ऐसे में शिक्षक इस महत्वपूर्ण समय में अपार आईडी के कार्य में लगे हुए हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

अभिभावकों ने भी नाराजगी व्यक्त की है और उनका कहना है कि यह काम जुलाई या अगस्त में किया जा सकता था, लेकिन बीच सत्र में इस कार्य का आदेश देना उचित नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि जब शिक्षक इस कार्य में व्यस्त रहेंगे, तो पढ़ाई पर ध्यान कैसे दे पाएंगे ?

इस स्थिति से यह साफ जाहिर हो रहा है कि शिक्षकगण को गैर-शिक्षकीय कार्यों में व्यस्त किए जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जब मीडिया ने स्कूलों का दौरा किया, तो उन्होंने दिनांक 10 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को दिन के 01 बजे पाया कि मंडला मुख्यालय में संचालित प्राथमिक शाला उदयचौक बंद थी, जहां केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं। जिसमें से एक शिक्षक छुट्टी पर था और दूसरा शिक्षक बीएलओ के रूप में कार्यरत था, साथ ही उसे कुछ दिनों के लिए बीआरसी कार्यालय में अपार आई डी के कार्यों के लिए भेजा गया है। परिणामस्वरूप, स्कूल बंद करके बच्चों को पास की उर्दू शाला में बैठाया जा रहा है। जिससे स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही है। मीडिया द्वारा तुरंत मण्डला बीईओ और एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र को अवगत कराया जिसमें उनके द्वारा जांच करवाने का आश्वासन दिया गया है।

यह स्थिति यह भी दर्शाती है कि यदि शिक्षकों को समय पर और उचित रूप से स्कूल में कार्य करने का अवसर नहीं मिलता, तो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसके साथ ही, शिक्षकों में यह चर्चा भी हो रही है कि सरकार के द्वारा दिए गए अतिरिक्त कार्यों के कारण शिक्षक स्कूल में पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। इस विषय पर विचार करते हुए, यह आवश्यक हो सकता है कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को गैर-शिक्षकीय कार्यों से मुक्ति दी जाए, ताकि वे पूरी तरह से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

इस प्रकार के आदेशों में बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लेना चाहिए, ताकि शिक्षक अपना समय और ध्यान पढ़ाई में लगा सकें और बच्चों की शिक्षा में कोई रुकावट न आए।

ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी भयावह है इसकी एक दूसरी वजह यह है कि यहां शिक्षकों की भारी कमी है पहली से पांचवी तक की कक्षाओं में सिर्फ एक ही शिक्षक पदस्थ है तो फिर वह पांचों कक्षाओं को संभाले या फिर आपार आईडी के लिये दस्तावेजों का संकलन करे और जहां शिक्षक हैं ही नहीं तो फिर वहां किसके भरोसे बनेगी आईडी?

#### इनका कहना है -

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जायेगी।*

***-अरविंद विश्वकर्मा, डीपीसी, मण्डला***

### मानवाधिकार एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण दुनिया की नींव है: डॉ. प्रियंका चक्रवर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर मैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी सी मेश्राम के मार्गदर्शन में और राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका चक्रवर्ती के संयोजन में मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रियंका चक्रवर्ती के द्वारा मानव अधिकार का विस्तार पूर्वक विवरण दिया गया एवं अपने वक्तव्य में कहा कि मानव अधिकारों के हनन को रोकना है तो भारत के समस्त नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा और स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ आपसे जुड़े जितने भी लोग हैं जिन्हें उनके अधिकारों की जानकारी नहीं है उनको भी जागरूक करना होगा और कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यदि हमें अधिकारों को सुरक्षित रखना है तो हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना होगा और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर हम विकसित भारत के सपने को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. जी.सी. मेश्राम के द्वारा अपने उद्बोधन में मानव अधिकार की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. जे.एस. उर्वेती के द्वारा अपने उद्बोधन में मानव अधिकार के अंतर्गत जीने के अधिकार पर विस्तृत रूप से छात्राओं को अवगत करवाया। डॉ.नवल सिंह लोधी के द्वारा शिक्षा के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त किए गए। छात्र प्रवीण कुमार ठाकुर के द्वारा मानव अधिकार और मौलिक कर्तव्य पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा कुमारी सुषमा परते के द्वारा भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्री राहुल विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया महाविद्यालय से प्रो. मुकेश कुमार बघेल, डॉ ज्योति सिंह, डॉ जे एस उर्वेती, डॉ राम सिंह धुर्वे, डॉ राजेश मासतकर, डॉ. दीप्ति तोमर, डॉ नवल सिंह लोधी, डॉ. कुलभूषण रजक, प्रो रविन चौहान, डॉ निगहत खान, डॉ संजीव सिंह, डॉ रवि यादव, श्रीमती रश्मि जैन, नरेंद्र राहंगडाले , श्रीमती शिवांगी राय, डॉ लक्ष्मी सिंह राजपूत, कुमारी कोकल खंडेलवाल, कुमारी कुसुम मरावी, अमित सेन, श्रीमती विमला वाल्के, श्रीमती सुधा कुमरे, मनीष साहू, अमित यादव, कुमारी रिया अवधवाल और समस्त अधिकारी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 को

**मण्डला।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में मनरेगा योजना, अमृत सरोवर, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, विद्यालय एवं छात्रावासों की व्यवस्था, बीज एवं खाद की उपलब्धता, उपार्जन, पेसा एक्ट अंतर्गत ग्राम सभाओं में होने वाले उत्खनन आदि योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### राजस्व 30 के तहत महा अभियान चलाया जा रहा है



**नारायणगंज।** राजस्व अभियान 3.0 के अंतर्गत जिला मंडला के तहसील नारायणगंज में तहसीलदार एवं सभी हल्का के पटवारी के सहयोग से आधार कार्ड खसरा लिंकिंग फार्मर रजिस्ट्री नक्शा जैसे तरमीम जैसे कार्य किया जा रहे हैं इस अभियान के अंतर्गत पटवारी सभी पंचायत एवं में जाकर खसरा लिंकिंग रजिस्ट्री नक्शा के जैसे, कार्य किया जा रहे हैं जिसमें इस अभियान में बटवारा नामांकन सीमांकन जैसे प्रकरण का निराकरण किया जा रहा है एवं छूटे हुए किसान पीएम योजना का जो लाभ नहीं मिल पा रहा है उन्हें भी इस अभियान में जोड़ा गया है यह अभियान 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक जारी रहेगा जिसमें सभी किसानों की समस्या एवं हितग्राहियों की केवाईसी की जाएगी।

### हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत सभी पंचायत में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान 2024 का शुभारंभ 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक रहा जिसका समापन आज 10 दिसंबर को जनपद पंचायत नारायणगंज के मुख्य काय पालन अधिकारी गौरी शंकर, डेहरिया एवं संतोष मेश्राम द्वारा कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत में आयोजित गतिविधियां सामुदायिक बैठक चौपाल रैली स्वच्छता शपथ स्वच्छता गतिविधियां सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं व्यक्तिगत शौचालय की साफ सफाई बताई पेंटिंग स्वच्छता जागरूकता एवं सभी पंचायत में स्कूलों में आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य केदो में एएनएम सेंट्रो में स्वच्छता के तहत काम कराया गया ग्राम पंचायत पदमी में सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी के सहयोग से चौपाल लगाई गई एवं स्वास्थ्य स्वच्छता संबंधी अभियान के तहत रैली निकाली गई ग्राम पंचायत कुमा में नर्मदा तट के किनारे साफ सफाई एवं सभी मंदिरों में बताई एवं टाइल्स लगाए गए ग्राम पंचायत पटेहरा में चौपाल रैली निकल गई ग्राम पंचायत देवरी में शौचालय में पेंटिंग एवं स्लोगन जगह-जगह लिखवाया गया ग्राम पंचायत जेवरा समुदाय स्वास्थ्य परिसर में पेंटिंग कराई गई ग्राम पंचायत पड़रिया एवं ग्राम पंचायत खैरी में भी जगह-जगह स्लोगन एवं साफ-सफाई के तहत जागरूकता रैली निकाली गई।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं




**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में अलग-अलग अनुविभागों से आए कुल 84 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में महाराजपुर निवासी सरोज चौधरी ने नक्शा बटांकन और सीमांकन के संबंध में, ग्राम ग्वारा निवासी कन्हैया लाल ने आपत्ति निरस्त किये जाने के संबंध में, ग्राम मेंढी निवासी दीपचंद झारिया ने पीएम आवास दिलाने एवं अधिग्रहण की भूमि का भुआवजा दिलाने के संबंध में, ग्राम भंवरदा निवासी रिंकू बैरागी ने आवास बनाने के लिए भूमि आवंटित करने के संबंध आवेदन दिए। साथ ही जनसुनवाई में अनेक अलग-अलग विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

### प्रदर्शन

### धान का 3100 और गेंहू का 2700 दिलाने तक चलेगी लड़ाई

# ब्लॉक कांग्रेस द्वारा अंजनियां में निकाली गई रैली

*** पूरे जिले में जारी है कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भाजपा सरकार द्वारा घोषित धान और गेंहू का समर्थन मूल्य चुनाव के एक साल बाद भी किसानों को नहीं मिलने को लेकर अब किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस ने किसानों के इसी आक्रोश को देखते हुए, समर्थन मूल्य की लड़ाई सड़कों पर लड़ना शुरू कर दी है। बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में बिछिया विधानसभा में किसान न्याय महाअभियान प्रारम्भ किया गया है। जिसके प्रथम चरण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयों द्वारा ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंजनियां के द्वारा, अंजनियां मुख्यालय से खरीदी केंद्र तक पैदल रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।

#### किसान न्याय महाअभियान का किसानों ने किया किया समर्थन

इस दौरान बिछिया विधायक श्री पट्टा सहित निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े व कांग्रेस जिला अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने खरीदी केंद्र में मौजूद किसानों से संवाद किया, जहाँ किसानों ने खुलकर अपनी समस्याएँ बताई और कांग्रेस के इस किसान न्याय महाभियान का प्रत्यक्ष रूप से समर्थन किया। बिछिया विधायक श्री पट्टा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा घोषित धान और गेंहू का समर्थन मूल्य जबतक किसानों को नहीं मिल जाता, हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। किसानों विरोधी इस भाजपा सरकार को हम घोषित समर्थन मूल्य देने के लिए मजबूर कर देंगे। वहीँ निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े ने कहा कि हमारे किसानों ने भाजपा की घोषणाओ पर भरोसा करके प्रदेश में उनकी सरकार बनवाई लेकिन आज ये सरकार किसानों के साथ होने की बजाये उनसे दूर भाग रही है वादाखिलाफ़ी कर रही है। किसानों की आय दोगुनी करना तो दूर अब किसानों की आय पर भी ये सरकार डाका डालने लगी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने कहा कि ये सरकार किसान विरोधी है, किसानों मांगो समस्याओं से इन्हें कोई लेना देना नहीं है इन्हें केवल किसानों के वोट से मतलब था, किसानों के हक़ अधिकार की ये लड़ाई कांग्रेस पार्टी हर मोर्चे पर लड़ेगी।

#### ये हैं प्रमुख मांगे

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंजनियां द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों की धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए करते हुए, इस वर्ष का भुगतान इसी दर से किया जाये। खरीदी केन्द्रो में किसानों के लिए पेयजल सुविधा सहित अन्य मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँ। धान विक्रय के तीन दिन के भीतर किसानों को भुगतान कराया जाये। खरीदी केन्द्रो में धान की तुलाई सहित अन्य कार्यों के लिए कोई अतिरिक्त राशि न ली जाये और प्रति बोरा तय मानक से अधिक धान न ली जाये और ऐसी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। ज्ञापन के माध्यम से सरकार को चेताया गया है कि यदि किसानों की इन मांगो का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो सभी कांग्रेस जन किसानों के साथ मिलकर सड़कों पर धरना आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### गोली कांड के विरोध में प्राचार्य और शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की अपील पर सोमवार को एसोसिएशन सहित आकाश संगठन और आज़ाक्स संगठन ने संयुक्त रूप से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा गया। ज्ञापन का विषय छतरपुर में छात्र द्वारा प्राचार्य को गोली मारकर हत्या करने और कैलाशपुर में शिक्षकों को बांधकर पिटाई करने जैसे जघन्य अपराध का विरोध और शिक्षकों की सुरक्षा के संबंध में था। ज्ञापन में कहा गया कि हायर सेकंडरी स्कूल धमोरा छतरपुर में कर्त्तव्य निष्ठ प्राचार्य एस के सक्सेना की नशा खोरी और गुंडागर्दी में लिप्त कक्षा 12वीं के छात्र द्वारा विद्यालय में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जबकि प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी के विद्यालय में विलंब से आने और पढ़ाई में रुचि नहीं लेने को लेकर डांटा गया था।

इसी प्रकार दूसरी घटना 07 दिसम्बर 2024 को रीवा/मऊगंज जिले के शासकीय हाई स्कूल कैलाशपुर में हुई जहां कक्षा 10वीं के उद्दंड विद्यार्थियो ने मिलकर प्राचार्य और शिक्षकों के साथ बेल्ट और लाठी चलाकर मारपीट की गई और दूर दराज से आने वाले शिक्षकों को रास्ते में रोक कर मारपीट करने की धमकी दी गई है। जबकि इन विद्यार्थियों की स्कूल सामग्री नष्ट करने और उनके दुरुपयोग करने की शिकायत थी।

ज्ञापन में आगे कहा गया कि दोनों एक बाद एक घटित जघन्य घटनाओं से प्रदेश भर के शिक्षकों में भय, चिंता और आक्रोश व्याप्त है। विद्यालयों में आए दिन विद्यार्थियों में नशाखोरी और उद्दंडता बढ़ती जा रही है कतिपय पालकों के द्वारा भी शिक्षकों के साथ विवाद किए जाते हैं महिला शिक्षिकाएं भी उद्दंड विद्यार्थियो से भयभीत एवं असुरक्षित रहती हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान प्रवेश नीति और नाम खारिज करने की नीति और विद्यालय में कोई सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण प्राचार्य व शिक्षक ऐसे नशाखोरी और गुंडागर्दी में लिप्त विद्यार्थियों के सामने असहाय महसूस करते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान में विद्यालय की प्रवेश और नाम खारिज करने की नीति की समीक्षा कर ऐसे नियम बनाए जाएं जिससे उद्दंड और विद्यालय का माहौल खराब करने वाले विद्यार्थियों को बढ़ावा न मिले।डाक्टरों की भांति शिक्षकों के लिए टीचर्स प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाए। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में नशा करके आने और उद्दंडता पर पालकों की भी जवाब देही तय की जाए। गोली मारकर हत्या की गई कर्तव्यनिष्ठ प्राचार्य को शहीद का दर्जा देकर परिवार को एक करोड़ की सहायता राशि दी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर, जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी आजक्स संगठन से जिला अध्यक्ष गजराज मरावी शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला,आकाश संगठन से कमलेश मरावी, प्राचार्य रामनगर कल्पना नागेश्वर,संजीव सोनी, अभित गुप्ता, अमर सिंह चंदेला, राकेश हरदहा,संजीव दुबे, अशोक आर्सिया, सुनील नामदेव, भजन गवले, मंगल सिंह पंद्रे, माखन सिंह चौहान, उमेश यादव, कमलेश मरावी, जय देव मार्को, प्रफुल्ल डोंगरे, अर्चना गोमास्ता, मीना साहू, सरिता सिंह, रानू बैन, कांति माला हरदहा, संतोष बैरागी आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## माकपा के राज्य स्तरीय तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल होंगे अनेक सदस्य- एन एस पटैल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माकपा पूर्व राज्य समिति सदस्य एडवोकेट एन एस पटेल ने जानकारी देते हुये बताया है कि मध्य प्रदेश मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 17 वां राज्य सम्मेलन 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म स्थली मऊ में आयोजित किया जा रहा है। पटैल का कहना है कि इस सम्मेलन में प्रदेश भर से चुने हुए प्रतिनिधि सदस्य जाकर हिस्सा लेगें हैं। वही पार्टी सम्मेलन को संबोधित करने के लिए पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य पूर्व सांसद सुभाष अली के आलवा डॉक्टर अशोक धवले केंद्रीय सचिव मंडल के सदस्य, अरुण कुमार केंद्रीय कमेटी के सदस्य तथा डॉक्टर विक्रम सिंह उपस्थित रहेंगे। पार्टी सम्मेलन की शुरुआत एक विशाल आम सभा के साथ की जावेगी, जिसमें पिछले राज्य सम्मेलन से अभी तक के कार्यो की समीक्षा तथा आगामी तीन बरसों के लिए कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे तथा उनको लागू करने की कार्य नीति एवं रणनीति तैयार की जारी की जावेगी। उक्त सम्मेलन में हमारे नरसिंहपुर जिले सहित गाडरवारा क्षेत्र से भी पार्टी प्रतिनिधि शामिल होने जा रहे है।

## अपार आई डी प्रशिक्षण संपन्न, मिशन मोड में करें आईडी निर्माण का कार्य



**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** जन शिक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में सभी शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों का अपार आईडी संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण बैठक को संबोधित करते हुए जन शिक्षा केंद्र प्रभारी भूपेश ठाकुर के द्वारा यू डाइस प्लस पोर्टल, अपार आईडी निर्माण संबंधी कार्य मिशन मोड में किए जाने संबंधी चर्चा की गई। वही एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपार आईडी से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपार आई डी के निर्माण में आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस बैठक में उपस्थित उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक सत्यम ताम्रकार द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा के संचालन, आरएसके पोर्टल पर नामांकन तथा प्राप्तांक फीडिंग, प्रोजेक्ट कार्यों तथा नवभारत साक्षरता के अंतर्गत असाक्षरों के सर्वेक्षण पर वृहद चर्चा की। इस प्रशिक्षण सह बैठक में जन शिक्षा केंद्र के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाओं के प्रधानपाठकों की उपस्थिति रही।

## सांगई के स्कूल मे बैगलेस डे पर आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार बैगलेस डे मनाया गया। बताया जाता है कि इस दिवस कक्षा 6 से 8 वीं कक्षाओं के बच्चे स्कूल मे बिना बस्ते के आये एवं उन्होंने कार्ड शीट पर आकर्षक चित्र बनाकर सुसज्जित चित्रकारी की एवं प्रदर्शन किया। इसके अलावा संस्था के बच्चों द्वारा मिट्टी, कागज़ सहित अन्य अनुपयोगी वस्तुओ से विभिन्न आकृतियाँ, कठपुतली, गुड़िया, झूमर, किचन सेट आदि बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक मधु सूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को बताया कि माह मे कोई एक शनिवार को छात्र छात्राओं को बिना बस्ते के बुलाकर उनके अंदर छुपी चित्रकला, पैंटिंग, गायन, वादन, संगीत, सांस्कृतिक एवं खेल आदि क्षेत्रो मे विद्यालय की प्रतिभाओ को सामने लाना ही बैगलेस डे मनाये जाने का उद्देश्य है। इस दौरान छात्रा साधना केवट ने कहा कि बेगलेस डे के दिन हम लोग पढ़ाई से दूर हटकर अन्य उपयोगी गतिविधियों मे व्यस्त रहते हैं।

# सभी मापदंडों को दरकिनार करते हुये नगर में धड़ल्ले से जहां तहां खुल रहे शादीघरों को लेकर प्रशासन की भूमिका पर खड़े हो रहे सवाल.., भवनों के पास पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़कों पर खड़े वाहनों से आमजन होते हैं परेशान !







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय नगर में देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ व पैसा कमाने के चलते निमय विरूद्व जहां तहां शादी घर खोलने से नही चूक रहे है। जबकि नियम के अनुसार शादी घरों के संचालन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो किसी भी शादी घर को खोलने के लिये शासन द्वारा निर्धारित मापदंड बनाये गये है और उनका पालन करते हुये शादी घरों का संचालन किया जाना जरूरी होती है। मगर शायद की नगर में संचालित होने वाले इन शादी घरों में शासन के माप दंडो का पालन होते हुये देखा जा रहा हो? मगर इसके बाद भी सच्चाई को नगर अंदाज करते हुये प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते नगरवासियों के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी शादी घर उस जगह पर होना चाहिए जिसमें आयोजन के दौरान होने वाले ध्वनि प्रदूषण से किसी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। वही लोगों को अपने वाहन खड़े करने के लिए जहां अच्छी पार्किंग व्यवस्था होने के साथ साथ अन्य सुविधाएं भी उलब्ध रहना चाहिए, इसके आलवा शादी घरों का संचालन संबंधी शासन द्वारा जो नियम बनाये गये है उनके अनुसार म.प्र. भूमि विकास नियम के तहत किसी भी मैरिज गार्डन यानि की शादी घर के लिये न्यूनतम भूमि एक हैक्टेयर होना अनिवार्य है तथा उसमें सामने की ओर सड़क की न्यूनतम लंबाई 18 मीटर तथा परिसर का न्यूनतम हिस्सा सामने की ओर 40 मीटर होने के साथ साथ वाहन पार्किग की व्यवस्था तो सबसे जरूरी होने के आलवा अन्य सुविधाएं भी जरूरी मानी जाती है। इन व्यवस्थाओं के बीच चलते हुये शायद ही नगर में कोई शादी घर मिल पायेगा..? क्योंकि नगर में जिस प्रकार से लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ व कमाई के लालच को ध्यान में रखते हुये जहां तहां बनाये जा रहे शादी घरों के कारण उस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वही दूसरी रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाले इन शादी घरों में रात रात भर होने वाले शोरगुल के चलते बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होते हुये देखी जा रही है। जबकि नियम के अनुसार मा. उच्च न्यायालय के अनुसार रात्रि 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों में प्रतिबंध होने के बाद भी इन शादी घरों में रात रात भर ध्वनियंत्र चलते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर पार्किग व्यवस्था नही होने के कारण इन मैरिज गार्डनों में शादी समारोह आयोजित होते है तो मुख्य सड़कों पर वाहनों के खड़े होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होने से विवाद की स्थिति पैदा होना आम बात बुन चुकी है? कुछ शादी घरों की सच्चाई तो इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां शादी घर मालिकों द्वारा पहले जिस भूमि को कालोनी बनाने की सोच के चलते लोगों को प्लाट बेचना शुरू किया गया था और कुछ प्लाट बिकने के बाद जब शेष प्लाट नही बिके तो उसी भूमि पर शादी घर बनाते हुये इन कालोनियों के प्लाट लेकर मकान बनाने वालों के लिये जिन्दगी भर के लिये मुश्बित खड़ी करते हुये अपना शादी घर बनाते हुये पैसा बटोरना शुरू कर दिया गया है। इस तरह कालोनाईजरों द्वारा प्लाट खरीदने वालों को गुमराह करते हुये बनाये गये इन शादी घरों के चलते वहां लोगों को लगातार परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाले इन शादी घरों से निलने वाली जूठन को जब उनके द्वारा सड़कों या फिर नाली में डाल दिया जाता है कि संपूर्ण क्षेत्र में गंदगी फैलने से लोगों का जीना दूभर होते हुये दिखाई देने लगा है। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि नगर में लोगों द्वारा अपने रहवासी मकानों व काम्पलेक्सों को शादी घर में परिवर्तित करते हुए कमाई करने में लगा हुआ देखा जा रहा है जो मकान कभी रहवासी हुआ करते हुआ करते थें आज वह शादी घर बनकर जहां मकान मालिको के लिये दुधारू गाय बन गये है तो आसपास निवास करने वाले लोगों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक रहे है? इस तरह नगर में चल रहे शादी घरों के पंजीयन पर गौर किया जावे तो नियम के तहत शायद ही किसी के पास शासन द्वारा अपने भवनों को शादी घर के रूप में चलाने के पंजीयन दर्ज मिल पायेगा? मगर इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण लोगों द्वारा नगर के अंदर अपने भवनों का निर्माण करने के बाद या तो उन्हें किसी आफिस या अन्य कार्य के लिए किराय पर दे दिया जाता है और बाद में उसका स्वरूप बदलते हुए शादी घर बनाते हुए कमाई करने में लग जाते है? इस प्रकार से नगर के अंदर लगातार शुरू होते जा रहे शादी घर के मालिकों द्वारा की जा रही मनमानी के चलते आम लोगों की जिन्दगी दूभर होने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर संचालित हो रहे शादी घरों में जब बराते लगती है तो जहां संपूर्ण सड़कों पर कब्जा कर लिया जाता है जिससे कई घंटो तक यातायात व्यवस्था बदहाल होने से नही चूक पाती है। इस तरह नगर में चल रहे इन शादी घरों में रात रात भर होने वाले ध्वनि यंत्र को नजर अंदाज करना प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाण उजागर होते हुये जान पड़ रहा है। क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों से नगरवासियों द्वारा अपेक्षा व्यक्त की गई है कि नगर में संचालित होने वाले इन शादी घरों की खोज खबर लेते हुये रात रात रात चलने वाले ध्वनि यंत्रों के साथ साथ मुख्य मार्गो पर कब्जा जमाने वाले रवैया पर अंकुश लगाया जावे।



## वेदपाठी ब्राह्मणों का सम्मान कर मुकेश बसेड़िया द्वारा किया पंचाग दान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम विवाह पंचमी के अवसर पर नगर के मंदिरों के प्रमुख शास्त्री जनो का सम्मान कर उन्हें पंचाग व अन्य उपहार भेंट किये। कार्यक्रम मे उन्होंने सर्वप्रथम परपंरागत कन्याओं का पूजन कर उन्हें वस्त्र,श्रृंगार, पठन लेखन सामग्री प्रदान करते हुये जन्मोत्सव एक माह सतत सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे सामूहिक रूप से सभी शास्त्रीजनो द्वारा माँ विजयासन , श्री दादाजी धूनी वालो व भगवान श्री परशुरामजी का विधिवत पूजन अर्चन करने के उपरांत नगर के वरिष्ठ ख्याति प्राप्त शास्त्री जनो, ब्राह्मणों देवो के चरण पखारकर तिलक वंदन कर पुष्पवर्षा व पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्हें भेंटस्वरूप नवीन संवत्सर पंचाग, श्रीफल, कैलेंडर, धार्मिक पुस्तकें के साथ अन्य उपहार प्रदान किये गये। इस अवसर पर सभी विप्रदेवो ने समवेत स्वर में स्वस्ति वाचन व वेद मंत्रों से बसेडिया को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान बसेडिया ने बताया कि अनेक वर्षो से श्री राम विवाह के पावन अवसर पर ब्राह्मणजनो को पंचाग प्रदान कर आशीर्वाद लेता हूं। यह एक सनातन परंपरा है जो राजा जनक के समय से चली आ रही है। इस आयोजन में मुख्य रूप से माँ विजयासन इंस्टीट्यूट की बेटियो कपिल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, प्रिंन्स बसेडिया, तनुश्री बसेड़िया, आरती ठाकुर, कीर्ति विश्वकर्मा, आरती कहार, मोना कहार, सुरेंद्र गोहल, रंजीत कौरव, रमेश भाई के आलवा अन्न लोग मौजूद थें।

# दिन में सड़को पर भींख मांगने वाले आखिरकार रात के समय रहस्यमय तरीके से कहां हो जाते हैं गायब, प्रशासन को यह सच्चाई नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है । इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है..? मगर इस बात को शायद न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई अधिकारियों से लेकर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा वाहन चोरी से लेकर मादक पदार्थो के आलवा अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक प्रकार के भेष धारण करते हुये युवाओं से लेकर वृद्व तथा महिलायें जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है। आमजन का कहना है कि यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध रहती होण..? इस प्रकार



से नगर में चारो ओर अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई पड़ने के साथ आये दिन अनेक प्रकार की अपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी होते दिखाई देने से नही चूक रही है..? मगर इसके बाद भी प्रशासन का इन लोगों के प्रति अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर नगर के भ्रमण करने के बाद रात के समय रहस्मय तरीके से अचानक गायब हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की देखने मिल रही है? जबकि यदि शहर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए। मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं घटित होते हुए दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर पिछले कुछ समय से अनेक महिलाएं और बच्चें कटोरानुमा पात्र में आराध्य देवी देवताओ की मूर्तियां रखकर भीख मांगाते हुए दिखाई देने से भी नही चूक रही है जो अपने साथ तीन तीन मासूम बच्चों को रखे हुये उनके भूखा होने के नाम पर लोगों के घरों के दरबाजे या फिर दुकानों के सामने खड़ी हुई आये दिन दिखाई देती रहती है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से इनका भीख मांगने के इनके इस नये तरीके से आमजन मानस आहत हो रहा है। इस तरह शहरों से लेकर गांवो में घुम घुमकर जिस प्रकार से भीख मांगने का कार्य किया जा रहा है, उससे जहां आम लोग परेशान तो हो ही रहे है साथ ही साथ नगर की सुरक्षा पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि नगर में बीते हुये वर्ष घटित हुई अनेक घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर की नई गल्ला मंडी बैक से पैसों से भरा हुआ बैग गायब हुआ था उसमें भी एक नाबांलिग लकड़ा के शामिल होने की सच्चाई सामने आयी थी, इसके आलवा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शादी समारोहों में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं में भी गुप्त केमरों में इस प्रकार से नाबांलिग बच्चों की फोटो सामने आ चुकी है? मगर इसके बाद भी पुलिस की उदासीनता जिस प्रकार से देखी जा रही है वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजगार करने से नही चूक पा रही है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत शहर में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वासरा स्वच्छता अभियान चलाते हुये जहां लोगों को स्वच्छता के लिये जागरूक किया जा रहा है तो दूसरी ओर स्वच्छता से ही स्वास्थ्य भारत का संदेश दिया जा रहा है। इसी के चलते नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत शहर को स्वच्छता मे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने एबं शहर की सफाई व्यवस्था को सुधार किये जाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के कुशल मार्गदर्शन मे निकाय क्षेत्र में प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान



चलाया जा रहा है। जिसके चलते बीते हुये मंगलवार को सफाई सुपरवाइज़ार मनोज बाल्मीकि एबं महाराणा प्रताप वार्ड के समस्त सफाई कर्मचारियों के द्वारा महाराणा प्रताप वार्ड के अंतर्गत मुख्य मार्ग पर डिवाइडरों की सफाई के साथ साथ वार्डो की नालियों की सफाई का कार्य करते हुये नगरवासियों से अपेक्षा जताई गई कि वह अपने घरों एबं प्रतिठानो के आस पास गंदगी ना फैलाये तथा घरों से निकलने वाला गीला-सूखा कचरा अलग अलग डसबीन रखे, कचरा नगर पालिका की कचरा ऑटो टिप्पर वाहन मे ही डाले, पालीथीन का उपयोग ना करें एबं गाडरवारा शहर को स्वच्छ-स्वस्थ-सुंदर शहर बनने मे सहयोग प्रदान करे। क्योंकि इस मुहिम के लिये नगर परिषद द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। मगर आमजन के सहयोग के बगैर संभव नही माना जाता सकता है। इसलिये आये हम और आम मिलकर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिये कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने में आगे आये..।

## दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में बह रही धर्म की गंगा, भागवत कथा सुनने उमड़ रहा सैलाब





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** धर्मात्मन, अखंड कोटि ब्रह्मांड नायक की प्रेरणा तथा पून्य सलिला मां नर्मदा संत शिरोमणि श्री 1008 दादाजी धूनी वालों की असीम अनुकंपा एवं सद्गुरु महर्षि श्री श्री 1011 बर्फानी दादा के आशीर्वाद से दादा दरबार में प्रसिद्व धूनी वाले दादा की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। इस आयोजन में कथा व्यास संत विभूषित महामंडलेश्वर ब्रह्मचारी महाराज तीर्थ धाम मंगलौर बापौली वाले के मुखारविंद से क्षेत्र के लोग जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनते हुये भाव विभोर होते हुये देखे जा रहे है। वही कथा के आयोजन में लोगों का जन सैलाब उमड़ने से नही चूक रहा है। वही कथा के चौथे दिन कथा व्यास द्वारा भगवन श्री कृष्ण के जन्म एवं उनकी लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये कहा कि जब जब इस पृथ्वी लोक पर अधर्म फैलता है तो भगवान उनका विनास करने के लिये जन्म लेते है। इसी के चलते जब कंस का अधर्म लगातार बढ़ते चला गया तो भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। इस दौरान भगवान की बाल लीलाओं का बडे ही मार्मिक रूप से वर्णन सुनाते हुये कहा कि जब भगवान अपने मित्रों के साथ निकलते थें तो वह माखन चोरी खुद करते थें और उनके मित्र फंस जाते थें। बाल अवस्था में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा समुद्र में घुसकर कालिया नाग का मर्दन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनोहर झांकी भी सजाई गई।

# आखिर में जल विहीन नहरों का क्या औचित्य, जब किसानों को मौके पर नहीं मिल पा रहा है पानी

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान नही मिल पाने के कारण अपनी फसलों को लेकर परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से है कि वह आगामी फसलों की तैयारियों को लेकर पानी की व्यवस्था तक पूरी करने में असमर्थ महसूस करने से नही चूक रहे है, मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में जहां शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए क्षेत्र के किसानों के खेतों में से नहरों का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उन नहरों में जरूरत के समय पानी नही आने के कारण उनके औचित्य पर भी सबाल खड़े होने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब क्षेत्र में नहरों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी उस समय क्षेत्र के किसानों के चेहरों में इस सोच के साथ खुशी झलक रही थी कि क्षेत्र में नहरों का निर्माण होने के कारण उनकी जिन्दगी संभल जावेगी? जब नहरों से पानी आवेगा तो वह अपने खेतों में भर पूर फसल लेते हुए खुशहाली से झूम उठेगे, मगर इस समय वह खुशी उनके लिए मात्र एक सपना ही साबित हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र उन्हें चिडाते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से बनी हुई नजरों में पानी नही छोड़े जाने के कारण लोगों कह रहे



है कि आखिर में जब नहरें बन ही चुकी है तो फिर इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल क्यों नही रहा है क्या यह नहरें सिर्फ दिखाने के लिए ही बनाई गई थी? जो आज मुश्बित के समय किसानों को उपयोगी साबित नही हो रही है तो फिर इनके निर्माण का मतलब ही क्या रह गया है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नहरों के निर्माण के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो इनकी सफाई की ओर किसी प्रकार से ध्यान दिया गया है और न ही उन्हें चालू किये जाने की ओर कोई पहल की जा रही है, जिसके चलते उनकी उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ देखा जा रहा है?

## खबर संक्षेप

### ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक समेत उसके परिवार के लोगों के साथ रिश्तेदारों ने की मारपीट

**डिंडौरी-** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी वार्ड नंबर 11 निवासी ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक समेत उसके परिवार के लोगों के साथ रिश्तेदारों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की है। फरियादी संजू पाराशर पिता जगदीश पाराशर उम्र 22 वर्ष निवासी ने बताया कि मैं आटो पार्ट्स की दुकान चलाता हूं। मेरे दुकान के बगल में चाचा भजन पाराशर के लडके प्रेम सिंह पाराशर का ढाबा है। शनिवार को प्रेम सिंह पाराशर के ढाबा के ग्राहक मेरी दुकान के सामने गाडी लगा दिये थे। मैंने प्रेम सिंह पाराशर को दुकान के सामने गाडी लगाने से मना किया था जिस बात को लेकर प्रेम सिंह पाराशर मुझसे रंजिश रखे हुये था। सोमवार की रात्रि करीबन एक बजे प्रेम सिंह पाराशर दुकान के सामने गाडी लगाने की बात को लेकर मेरे घर के सामने आया और मुझे व मेरे पिता जी जगदीश पाराशर को गाली गलौज देने लगा। मैने घर से बाहर आकर प्रेम सिंह पाराशर को गाली देने से मना किया, तो प्रेम सिंह द्वारा फोन लगाने पर उसके भाई सुग्रीम पाराशर, भुवन पाराशर अपने साथियों के साथ लाठी डंडा लेकर आये व लाठी डंडों व पत्थर, कांच की बोतलो को मुझे व मेरे पिता जगदीश पाराशर मां उत्तरा बाई, भाई बहादुर को फेक कर मारे हैं। जिससे मुझे दाहिने हाथ की कलाई, अंगूठा, मेरे पिता जगदीश को दाहिने तरफ पीठ में पीछे तरफ, मां उत्तरा बाई को दाहिने पैर की एंडी व भाई बहादुर पाराशर को भी चोटें आयी है। सभी लोगों ने मुझे व मेरे परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296, 125, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कनेर बीज खाने से कॉलेज की छात्रा की मौत कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

**डिण्डौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत चन्द्रविजय कॉलेज डिण्डौरी में बी ए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत एक छात्रा ने कनेर के बीज का सेवन कर लिया तबियत बिगडने पर उसकी सहेली ने जिला चिकित्सालय में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया जहां देर शाम उसकी मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव के पंचनामा कार्यवाई के बाद पीएम करा परिजनों को सौप दिया और विवेचना शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस को दिये कथन में मृतिका की सहेली ने बतलाया कि वह चन्द्रविजय कॉलेज में बी कॉम प्रथम वर्ष की पढाई कर रही है उसकी सहेली साक्षी बघेल निवासी सुनपुरी बीए द्वितीय वर्ष में अध्यनरत है सोमवार सुबह लगभग 9 बजे साक्षी अपने घर से बस में कॉलेज आई थी मेरे द्वारा लगभग 1 बजे घर चलने के लिए फोन किया गया तो उसने बतलाया कि कॉलेज के बाहर यात्री प्रतीक्षलय में बैठी हुई हूँ यही आ जाओ तब मै प्रतीक्षालय पहुंची तो देखी वहां बैंच पर बीमार हालत में साक्षी बैठी हुई थी मेरे द्वारा कारण पूछने पर उसने बतलाया कि कनेर के बीज खाने से तबियत खराब है। इसके बाद मै आटो से उसे जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती करायी थी जहां उसने उल्टी की और बेहोष हो गई तब मैने साक्षी की दीदी को इस बावद फोन से सूचना दी कुछ देर बाद उसके पिता एवं मामा आये लेकिन साक्षी बेहोशी की हालत में थी । जिसके बाद शाम लगभग 7 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । फिलहाल छात्रा के कनेर बीज खाने के कारणों का पता नही चल पाया है।

### सरकारी जमीन में अवैध कब्जा, ग्रामीणां का रास्ता बंद

**डिण्डौरी।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत खम्हरिया ग्राम में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमींन पर अवैध कब्जा कर ग्रामींणों का रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे नाराज ग्रामींणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में षिकायत दर्ज करायी है। ग्रामींणों ने षिकायत में उल्लेख किया कि सेवासिंह धुर्वे पिता रनमत सिंह धुर्वे ग्राम खम्हरिया के द्वारा वर्ष 2019-20 में चोरी चोरी पटवारी हलका नं. 211 में स्थित भूमि खसरा नं. 51-52 जो पूर्व में शासकीय भूमि के तौर पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी ।

## नर्मदा नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी, धरने पर बैठे जनपद अध्यक्ष और ग्रामींण

# रेत ठेकेदार ने लगाये जनपद अध्यक्ष पर धमकी देकर पैसे मांगने के आरोप

डिंडोरी





सोमवार को करंजिया जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे ने नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन,परिवहन और अस्थाई रेत जांच चौकी के कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए ,ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए।देर शाम राजस्व निरीक्षक और पटवारी पहुंचे।ग्रामीणों ने जगह जगह रेत के अवैध भंडारण दिखाए।राजस्व निरीक्षक को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।कलेक्टर ने मामले की जांच कराने की बात कही है। वही मंगलवार को रेत ठेकेदार ने कलेक्टर से षिकायत दर्ज करायी है जिसमें जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे और अन्य लोगों पर धमकी देकर पैसे मांगने का आरोप लगाया है।

### नर्मदा नदी से हो रहा अवैध उत्खनन ठेकेदार कर रहा वसूली जनपद अध्यक्ष के आरोप -

ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे जनपद अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नर्मदा नदी से तेली टोला,रहगी,लाल खाटी,बंजर टोला,सिवनी संगम से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही गांव के किनारे जगह जगह रेत का भंडारण किया जा रहा है। रात के अंधेरे में रेत माफिया अस्थाई चौकी में बैठे कर्मचारियों के साथ मिलकर परिवहन करते देखे जाते है।ग्रामीण जब रेत शासकीय कार्य के लिए निकालते है।तो ठेकेदार के कर्मचारी उनसे मनमाना बिना रसीद दिए पैसे वसूल रहे है।इससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है।मोहतरा गांव के बीरेंद्र टेकाम ने बताया कि पाटन गढ़ में रेत नाका लगाए बैठे ठेकेदार के कर्मचारी रेत निकासी पर पैसे लेते है और रसीद भी नहीं देते ।मैने खुद तीन बार एक एक हजार फोन पे पर दिया है।पैसे न दो मारपीट करते है, और कार्यवाई करवाते है ।

### अधिकारियों ने नहीं सुनी तो धरने पर बैठे, देर शाम पहुंचे अधिकारी-

जनपद अध्यक्ष ने बतलाया कि इस बावद दिन भर अधिकारियों को जानकारी देते रहे ,सुनवाई नहीं हुई तो सोमवार की शाम रेत जांच नाके के बगल में ही टेंट लगवाकर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए।शाम को करंजिया राजस्व निरीक्षक और पटवारी जांच करने पहुंचे।तो ग्रामीणों ने गांव में जगह जगह रेत भंडारण दिखाया।रेत ठेकेदार गुरजीत सिंह बेदी के कर्मचारियों शरद उर्फ गोलू ,संग्राम सिंह उर्फ मोनू ने बताया कि रेत नाके से किसी से अवैध वसूली नहीं की जा रही है।पहले कुछ लड़कों की शिकायत मिली थी।उन्हें काम से निकाल दिया गया है।

### कलेक्टर के आदेश पर बनी अस्थाई रेत जांच चौकियां-

कलेक्टर कार्यालय से 21 नवंबर 2023 को खनिज विभाग द्वारा चिन्हित स्थानों से रेत का अवैध उत्खनन,भंडारण और परिवहन को रोकने के लिए राजस्व अनुभाग बजाग के सागर टोला,सुकुलपुरा, पाटनगढ़, बुधगांव, सैलवार, पाटन, डिंडोरी के मोहारी, सक्का,मुड़की,शहपुरा में उमरिया रोड,कठोतिया में अस्थाई रेत जांच नाका स्थापित किए गए है।जिनका संचालन ठेकेदार के कर्मचारी कर रहे है।

### ठेकेदार ने लगाये धमकाने और बेजा बसूली के आरोप,कलेक्टर से की शिकायत-

राज्य खनिज निगम द्वारा ई-निविदा के माध्यम से डिण्डौरी रेत समूह की आवंटित खदानें संचालित करने वाले ठेकेदार गुरजीत सिंह बेदी निवासी छिंदवाड़ा ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंप जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे पर धमकाने,बेजा बसूली और फर्जी मामलों में फसाने के आरोप लगाये हैं।शिकायत पत्र के मुताबिक शासन के निर्देश पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु ठेकेदार ने जिले की सीमा के भीतर अलग-अलग 18 स्थानों पर अस्थायी जाँच नाका स्थापित किये हैं।इनमें करंजिया क्षेत्र में पाटनगढ़,रूसा, तेलीटोला में स्थापित नाकों पर चरनसिंह धुर्वे एवं अन्य द्वारा नाका पर सेवारत कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है,कि तुम किसकी परमीशन से बैठे हो तथा महिलाओं को आगे कर गंभीर धाराओं में फंसाने का दबाव बनाया जा रहा है तथा अनुचित पैसों की मांग की जा रही है।जिससे कार्य करने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है।

### कलेक्टर बोले जांच कराएंगे-

जब इस मामले में कलेक्टर हर्ष सिंह से बात की तो उनका कहना है कि अस्थाई चौकियों का संचालन रेत का अवैध उत्खनन ,परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए किया जा रहा है अगर अवैध वसूली या फिर रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण किया जा रहा है तो जांच करवाएंगे।

# अनुपयोगी स्थल में करा रहे सांसद मद की पुलिया निर्माण, ग्रामीणों में नाराजगी

**- समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मारगाँव का मामला**

**- चयनित कार्य स्थल का पोर्टल में सिर्फ फोटो अपलोड कर अनुपयोगी स्थल में करा रहे निर्माण**



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मारगाँव के सरपंच, सचिव द्वारा धड़ल्ले से अनुपयोगी स्थल में पुलिया निर्माण कराया जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए चयनित स्थल पर काम कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन ग्राम पंचायत के कारिंदे मनमानी पर उतारू है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मार गाँव मे 05 लाख रुपये की लागत से सासंद मद अंतर्गत पुलिया स्वीकृत किया गया है, जिसे शिवनंदन के खेत पास बैगा टोला पहुंच मार्ग स्थित नाले में बनाया जाना प्रस्तावित है, पंच परमेश्वर पोर्टल में भी नाले की फोटो का जियो टैग किया गया है, लेकिन पुलिया का निर्माण प्रस्तावित स्थल से 500 मीटर पहले तालाब की मेढ़ में कराया जा रहा है।ग्रामीणों की माने तो जिस स्थल पर कार्य कराया जा रहा है वहाँ कभी भी पानी की निकासी नही होती हैं, वही लोगों का कहना है कि क्या तालाब से पानी भगाने के लिए पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्यो में मानकों का पालन नहीं करने पर एसडीओ कशिश नायक ने नोटिस जारी कर गुणवत्ता सुधारने हेतु निर्देशित किया है। निर्माण एजेंसी और तकनीकी अधिकारियों के अनदेखी के चलते जिले में बड़ी तादात में अनुपयोगी ढांचे देखे जा सकते हैं वही जिन स्थलों में बुनियादी ढांचो की जरूरत है वहाँ काम ही नहीं कराया जाता है, जिससे ग्रामीण आबादी की समस्या यथावत बनी रहती हैं। निर्माण एजेंसी और ठेकेदार निर्माण कार्यो से अत्यधिक मुनाफा कमाने मनमानी करते हैं जिसका खामियाजा स्थानीय लोगो को भुगतना पड़ता है।



# जनसुनवाई में प्राप्त 35 आवेदनों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 35 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत के सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसुनवाई के आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत बच्छरगांव की सरपंच ने आवेदन प्रस्तुत कर रोजगार सहायक का स्थानांतरण कराने की मांग की। इसी प्रकार से बच्छरगांव निवासी आवेदक नरोत्तम प्रसाद धुर्वे ने अपने जमीन से अवैध कब्ज हटवाने की मांग की। ग्राम छांटा निवासी शशि बाई ने प्रसूति सहायता राशि की मांग की। गुदुम बाजा नृतक दल प्रमुख शिवप्रसाद धुर्वे ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी द्वारा नृतक दल एवं वाहन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने उक्त राशि की भुगतान कराने की मांग की। ग्राम पंचायत जरगुड़ा के ग्रामीणों ने पटवारी का स्थानांतरण कराने की मांग की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।



# सड़क और वन अधिकार के पट्टे की मांग करने कलेक्ट्रेट पहुंचे सरपंच और ग्रामीण

### अपर कलेक्टर को सौंपा आवेदन

**डिंडोरी-** समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत किवाड़ के सरपंच के साथ दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। वन ग्राम पौड़ी के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावा और सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन सौपा है।

**सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावा को करे मान्य -** ग्राम पंचायत किवाड के सरपंच रमलू सिंह आयाम ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम है ये अपनी आजीविका के लिए जंगल पर निर्भर है।अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006 की धारा 3.1(झ) के तहत पूरी प्रकिया करके 27 सितम्बर 2024 को 27 दावों की फाइल खंड स्तरीय कार्यालय समनापुर में जमा किया गया था।लेकिन अभी तक सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों को मान्य नहीं किया जा रहा है।

**बारिश में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते,इलाज के लिए भी ग्रामीण होते है परेशान-** सरपंच रमलू सिंह ने बताया कि किवाड़ ग्राम पंचायत के नीचे टोला की आबादी लगभग 6 सौ है। जिनमें अधिकतर बैगा आदिवासी परिवार है।नीचे टोला चारों तरफ से नदी और जंगल से घिरा हुआ है।बारिश के समय नदी में बाढ़ आ जाने की वजह से छात्र छात्राएं हाई स्कूल नहीं जा पाते है। गर्भवती महिलाएं और बीमार ग्रामीणों को लेने के लिए एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती है।इस मामले में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह का कहना है कि इन मांगो को कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखा जाएगा।

# जिला पंचायत में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।



जिले में संचालित ''हमारा शौचालय, हमारा सम्मान' अभियान का जिला पंचायत में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 19 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक जिले में संचालित उक्त अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें स्कूलों और आंगनबाड़ियों में शौचालयों की मरम्मत, स्वास्थ्य केन्द्रों में गैर क्रियाशील शौचालयों को क्रियाशील बनाने, गांव में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, हर-घर जल अभियान को सार्थक बनाने, सफाई कर्मचारियों को सम्मान शिविर, प्रत्येक ग्राम स्तर पर आईएचएचएल पंजीकरण अभियान आदि गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास कार्य किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता का प्रचार प्रसार करते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। समापन कार्यक्रम के तहत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता (आईएचएचएल) में सबसे अच्छी तरह से चित्रित और अच्छी तरह से बनाए गए शौचालयों के लिए आईएचएचएल लाभार्थियों की पहचान कर उनका सम्मान किया गया, जिसमें व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय के 14 हितग्राही और सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक स्वच्छता परिसर को अच्छे रखरखाव, रंगाई पुताई एवं संचालन के लिए 9 ग्राम पंचायत रामगढ, खजरी, कैलवारा, खरगवारा, समनापुर, सुकुलपुरा, सुनपुरी, अमठेरा, बुंदेला को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू व्यौहार, जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी आशा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष करंजिया चरण सिंह धुर्वे, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुश्री संगीता सोनी सहित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं अधिकारी व हितग्राही उपस्थित रहे।

# अमरपुर प्रीमियर लीग लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में अमरपुर प्रीमियर लीग लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा हैं। यह क्रिकेट प्रतियोगिता स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में आज शुभारंभ मैच मवई मंडला टीम एवं विंध्यवासिनी क्लब अझवार बंटौधा टीम के मध्य खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम को 31000 रूपए नगद व शील्ड एवं उपविजेता टीम को 15000 रूपए नगद व शील्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं मैन ऑफ द सीरीज प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 3100 रुपए व शील्ड इसके साथ ही प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कीपर, बेस्ट कैचर, हैट्रिक चौके छक्के, हैट्रिक विकेट एवं अन्य आकर्षण इनाम भी दिए जाएंगे। जिसमें आमंत्रित टीम में मंडला, डिंडौरी, गोरखपुर, चांदपुर, घंसौर, अमरपुर, पेंड्रा, घुघरी, मलाजखंड, शहडोल आदि अन्य टीमें अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेलप्रेमियों का दिल जीतेंगे। इस प्रतियोगिता में खेल प्रेमियों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष शिखर चंद्र चंद्रौल, उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, संरक्षक थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेती, सहसंरक्षक चौकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा, ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, उपसरपंच शैंकी चंद्रौल, अभिलाष साहू, राजेश सोनी, अनवर खान, रवि उसराठे, नासिर खान, शकील अहमद, सतेंद्र बर्मन, दीपक राकेशिया, उमाशंकर सिंगौरे, एवन दास पनरिया एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत अमरपुर के द्वारा की गई हैं।

### पुरानी रंजिश पर ढाबा संचालक एवं उसकी मां के साथ रिश्तेदारों ने की मारपीट

**डिंडौरी।-** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी वार्ड नंबर 15 निवासी एक ढाबा संचालक एवं उसकी मां के साथ पुरानी रंजिश पर रिश्तेदारों ने मारपीट कर दी। प्रेम सिंह पाराशर पिता भजन सिंह पाराशर उम्र 22 साल ने बताया कि मैं ढाबा चलाता हूं। मेरा व मेरे बडे पिता जगदीश पाराशर की आजू बाजू दुकान है। मेरे ढाबा में लोगों का आना जाना एवं शोरगुल बना रहता है। इसी बात को लेकर मेरे बडे पिता जगदीश पाराशर व उनके लडके संजू पाराशर, खेम करण पाराशर से वाद विवाद हो चुका है, जो हमसे रंजिश रखे हुये हैं। सोमवार को रात्रि करीब एक बजे मैं अपना ढाबा बंद कर अपने घर जा रहा था। पुराने विवाद को लेकर बड़े मेरे पिता जगदीश पाराशर व उनके लडके संजू पाराशर व खेमकरण पाराशर ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए मेरे साथ लाठी, डंडा, गाडी के साकप से मारपीट की। मारपीट से मुझे सिर में बांये तरफ, दाहिने व बांये गाल, नाक, पीठ व कमर, गुप्तांगों में चोट आयी है। उस समय बीच बचाव धर्मेन्द्र बघेल ने किया। घटना की जानकारी मिलने पर मेरी मां दीपवती पाराशर आयी तो खेमकरण ने मेरी मां को डंडा से मारा। मेरी मां के पीठ में दाहिने तरफ पीछे, दाहिने हाथ की उंगलियों में चोट आयी है। बडे पिता जगदीश पाराशर, संजू पाराशर व खेमकरण पाराशर तीनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,115 (2), 351 (3), 3(5)

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज गोटेगांव आगमन



**गोटेगांव।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का 10 दिसंबर की रात करीब साढ़े 8 बजे नरसिंहपुर आगमन हुआ, वह आज 11 दिसंबर को गोटेगांव के तहसील के झौतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम में होने वाले मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे, एवं राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता रानी के दर्शन करें की पूजन अर्चन कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, इसके उपरांत वह दोपहर डेढ़ बजे राजमार्ग में पूर्व विधायक संजय शर्मा के यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात करें यहां से भोपाल रवाना होंगे।

### जनपद पंचायत भवन में दिव्यांग शिविर आयोजित



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के जनपद पंचायत परिसर के सभागार भवन में₹दिव्यांग शिविर₹ का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश शामिल हुए उन्होंने शिविर में दिव्यांग जनों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें शासन द्वारा हर सुविधा दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया वही इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्वजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने शिविर में जिला मेडीकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण कर यूडीआईडी कार्ड एवं एलिम्को द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृद्वजनों का चिन्हांकन, परीक्षण किया गया।

### कुण्डीय यज्ञ का भूमि पूजन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** स्थानीय रेवा नगर कॉलोनी मे 1 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसका भूमि पूजन आज किया जावेगा। आयोजन कर्ता आलोक महाराज द्वारा बताया गया कि आगामी 4 फरवरी से नगर व जिले की खुशहाली के लिये यज्ञ किया जा रहा है।

### पत्रकारों का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** गत दिवस अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार मिशन के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय सर्किट हाउस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जागरुकता अभियान पर संगठन मे गंभीर रूप से चर्चा हुई एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया तथा बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए प्रशासन से इस अंकुश लगाने की अपेक्षा जाहिर की ।

### महिला ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरोज पिता आशीष पटेल उम्र 33 वर्ष निवासी देवरी थाना सुआतला द्वारा अज्ञात कारणों से घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु परिजन जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

प्रतिभागियों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

# हम होंगे कामयाब अभियान का समापन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए प्रदेश सहित नरसिंहपुर जिले में भी 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक हम होंगे कामयाब विशेष जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हाल में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये। जागरूकता अभियान के तहत विद्यालयों में हुई चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में शाला स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

हम होंगे कामयाब विशेष जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालयों में हुई चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सीएम राईज स्कूल की छात्रा संचिता देवांशी साहू प्रथम, ओमवती पटेल द्वितीय व आयशा सिद्धिका तृतीय, उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा जाह्न्वी कुशवाहा प्रथम, सृष्टि चैरसिया द्वितीय व अमृता गुप्ता तृतीय, एमएलबी स्कूल की छात्रा खुशी बहना प्रथम, लक्ष्मी चैधरी द्वितीय व शोभना सेन तृतीय और नेहरू हाई स्कूल के छात्र कार्तिक लोधी प्रथम, सूरज अहिरवार द्वितीय व आदर्श मेहरा तृतीय स्थान आने पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### गतिविधियां की गई आयोजित

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में ग्राम ब्लॉक एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें जेंडर संवेदीकरण, कन्सलटेशन कार्यक्रम, जेंडर आधरित हिंसा पर कार्यशाला, बाल विवाह निषेध जागरूकता, बाल विवाह मुक्त हेतु शपथ, सोशल मीडिया अभियान के तहत महिलाओं के अधिकारों हेल्पलाईन और शी बाक्स पोर्टल के बारे में जागरूकता, पीओसीएसओ एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निषेध अधिनियम का सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया। घरेलू हिंसा रोकथाम के तहत घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 पर संवाद कार्यक्रम, वन स्टॉप सेंटर, उर्जा डेस्क, घरेलू हिंसा की रिर्पोट करने तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचने के महत्व पर केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की गई।

### कानून संबंधी दी जानकारी

कानूनी जागरूकता कार्यशालाएं, शैक्षणिक संस्थाओं में संवाद पोस्टर मैंकिग प्रतियोगिताएं, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जेंडर संसाधन केन्द्रों, वन स्टॉप सेंटर तथा उर्जा महिला डेस्क के मध्य समन्वय कार्यक्रम, सकारात्मक पुरूषत्व विषय पर कॉलेजों में जागरूकता संवाद सहित समस्त शासकीय एवं प्राइवेट संस्थानों में यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम और महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यशालाएं बनाने के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया है।

## श्रीमज्जगद्गुरु समाधि स्थल लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण महोत्सव



**गोटेगांव, नरसिंहपुर।** सनातन के सूर्य, युग कुलपति, परमश्रीविद्योपासक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनन्त श्रीविभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री की पावन तपःस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर में पूज्य श्री चरणों के समाधि स्थल का लोकार्पण एवं पूज्य ब्रह्मलीन जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज की भव्य प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त समारोह अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीसदानन्द सरस्वती जी महाराज एवं अनन्तश्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में पंचाग्नि पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि श्रीमद् रामकृष्णानन्द जी महाराज, ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ज्योतिष्पीठ पंडित आचार्य श्री रविशंकर शास्त्री जी, पंडित आचार्य श्री राजेन्द्र शास्त्री जी एवं सुश्री ज्ञाना देवी जी की पावन उपस्थिति में सम्पन्न होगा। श्रीमज्जगद्गुरु समाधि मंदिर का लोकार्पण मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी गीता जयंती तदनुसार दिनांक 11 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे किया जाएगा इसी मंदिर प्रांगण में पूज्य ब्रह्मलीन जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज की भव्य प्रतिमा का भी अनावरण किया जा रहा है। जैसा कि पूर्व विदित है ब्रह्मलीन जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज द्वारा अपनी जीवन काल में सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म की स्थापना एवं व्यापकता के लिए अनेकों धर्महित, समाजहित, एवं लोककल्याणकारी कार्य किए गए। ब्रह्मलीन जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराजश्री ने भारत देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से अपना योगदान दिया। उन्होंने मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर की स्थापना की, जहाँ उन्होंने अनेकों मंदिरों का निर्माण एवं अनेकों सामाजिक प्रकल्प प्रारम्भ किये जिसमें प्रमुख शिक्षा, स्वास्थ्य, वृद्धाश्रम एवं गौशाला आदि सम्मिलित हैं। उनके विषय में शब्दों में लिखना असम्भव प्रतीत होता है परन्तु उनके श्री चरणों का स्मरण करते हुए उनके जीवन के वे मुख्य कार्य जिन्होंने समाज एवं राष्ट्र को एक नई दिशा एवं पथ प्रदान किया तथा उनके जीवन काल के महत्व पूर्ण क्षणों को उनके जीवन परिचय के माध्यम से आम जन मानस तक पहुचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में यादव कालोनी से जरजोला को जाने वाली रोड पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया जिससे आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ज्ञापन मे बताया गया है कि उक्त सड़क 42 फीट चैड़ी है, लेकिन अतिक्रमण के चलते अब केवल 20 फीट ही बची है। इससे सड़क इतनी संकरी हो गई है कि वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। इस सड़क पर स्थित चाणक्य विद्यालय और नरसिंह पब्लिक स्कूल जैसे शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को अतिक्रमण के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन बच्चे स्कूल जाते समय दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। यही सड़क नगर के प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर तक जाती है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अतिक्रमण के कारण यहां पहुंचने में भी लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। ज्ञापन सौंपते हुये अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई। उक्त मौके पर दुर्गेश शर्मा, राजेश गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन गोटेगांव के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 11 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करने के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। श्री कृष्ण परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विविध प्रकार की गतिविधियां एवं प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके तहत संकुल पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर संकुल के अंतर्गत सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री प्राशी अग्रवाल ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक व हाई स्कूल शाला इमलिया, शासकीय प्राथमिक शाला बम्होरी घाट एवं शासकीय माध्यमिक शाला बम्होरी घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला इमलिया में व्यवस्थित अध्यापन कक्ष, प्रिंट समृद्ध वातावरण एवं बच्चों के शैक्षणिक स्तर, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बम्होरीघाट में किचिन शेड में पर्याप्त साफ- सफाई व गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन की प्रशंसा की। सभी संस्थाओं में बच्चों से शैक्षणिक संबंधी संवाद किया। उन्होंने अन्य संस्थाओं में समय के साथ शिक्षण कार्य करने, बच्चों की एट ग्रेड एवं एफएलएन वर्कबुक जांचने पर त्रुटियां पाये जाने पर चिन्हांकन करने, अपार आईडी के दस्तावेज पालकों से सम्पर्क कर प्राप्त कर पंजीयन शीघ्र करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनुपस्थित पाये गये शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों का दो दिवस में स्पष्टीकरण देने के निर्देश संस्था प्रमुख को दिये।

## जनसुनवाई में आये 111 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 10 दिसंबर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 111 आवेदन आये।

### बाल मजदूरी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रासेयो स्वंयसेवकों द्वारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नयागांव में छात्र - छात्राओं को बाल मजदूरी के विषय में जानकारी दी गई तथा बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र - छात्राओं ने पोस्टर बनाए और बाल मजदूरी को जाना। प्रतियोगिता में प्रथम संजना लोधी, द्वितीय दिव्यांश तथा तृतीय स्थान गगन ने प्राप्त किया। उक्त मौके पर स्वयंसेवक श्रुति गुप्ता सहित उनकी टीम व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# कार्य स्थलों पर तत्काल आंतरिक परिवाद समिति का करें गठनः कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हम होंगे कामयाब अभियान के तहत समस्त शासकीय और प्राइवेट संस्थानों के कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध, प्रतितोष, प्रतितोषण अधिनियम 2013 और महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के बारे में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की विशेष मौजूदगी में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिनियम की मंशा स्पष्ट करते हुए समस्त विभाग प्रमुखों से उनके अधीनस्थ होने वाले समस्त कार्यस्थलों पर तत्काल आंतरिक परिवाद समिति गठन करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक परिवाद समिति और जहां पर आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं किया गया जाना हो, वहां स्थानीय परिवाद समिति के गठन की सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने सभी विभागों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत प्रत्येक कार्यस्थल पर जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां कार्यालय प्रमुख के द्वारा आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। आंतरिक परिवाद समिति में कुल 4 सदस्य होंगे। एक पीठासीन अधिकारी (ज्येष्ठ स्तर की महिला), दो सदस्य जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध या सामाजिक कार्य व विधिक ज्ञान रखने वाले हों तथा एक एनजीओ सदस्य जो महिलाओं की समस्याओं या लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों से सुपरिचित हो, के समन्वय से आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जायेगा। समिति की कम से कम आधी सदस्य संख्या महिलाओं की होगी। शासकीय अशासकीय संगमध कॉर्पोरेट, व्यवसायिक, प्रतिष्ठान, बैंक, अस्पताल, शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर, खेल अकादमी, मंडी और यदि कोई ऐसे स्थानों जहां 10 से कम कार्मिक संख्या होने के कारण आंतरिक परिवाद समिति का गठन न किया गया हो या परिवाद स्वयं नियोक्ता के विरूद्ध हो, लैंगिक उत्पीड़न के परिवाद स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जायेगा। आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं किये जाने पर नियोजक के विरुद्ध 50 हजार रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जिले में स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जा चुका है। आंतरिक परिवाद समितियों के गठन की प्रक्रिया प्रचलन में है। इस अवसर पर महिलाओं की कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्मित एसएचई पोर्टल की जानकारी भी दी गई।

## बोर्ड पैटर्न पर दो पालियों में हो रही अर्धवार्षिक परीक्षाएं



**तेंदूखेड़ा।** विकासखंड के सभी शासकीय स्कूलों में हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है ।जो 18 दिसंबर तक आयोजित कराई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार दो पालियों में परीक्षाएं संचालित कराई जा रही है। तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी में 160 दसवीं में 108 ग्यारहवीं में 150 बारहवीं में 104 कला संकाय में तथा विज्ञान संकाय में 49 एवं 45 छात्रायें शामिल हैं।वही बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी में 97 दसवीं में 69 तथा ग्यारहवीं में 113 तथा बारहवीं में 120 छात्र शामिल हो रहें हैं।इसी तरह से डोभी स्कूल में कक्षा नवमी में 80 दसवीं में 82 ग्यारहवीं में 30 तथा बारहवीं में 32 छात्र छात्राएं शामिल रहीं।इसी तरह इमझिरा हायर सेकंडरी स्कूल में नवमी में 68 दसवीं में 53 ग्यारहवीं में 53 तथा बारहवीं में 43 छात्र छात्राएं शामिल हो रहीं हैं ।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक 9वीं और 10वीं कक्षा की परीक्षाएं संचालित हो रही है। जबकि दोपहर समय एक 1:30 से शाम 4:30 बजे तक कक्षा 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं हो रही है। परीक्षाएं पूरी तरह बोर्ड पैटर्न पर कराई जा रही है।जिसमें भोपाल से ही सभी विकासखंडों में प्रश्न पत्र भेजे गए हैं। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में परीक्षार्थी को स्कूल केंद्र में ही परीक्षा देनी होगी और स्कूल के शिक्षक ही विषय बार कापियों का मूल्यांकन करेंगे। 9वीं एवं 11वीं में ही त्रैमासिक और अर्धवार्षिक के पांच-पांच फीसदी अंक मुख्य परीक्षा में जोड़े जाएंगे।इसका फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा 9 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित कक्षा 9 से 12 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के पहले दिन 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने हिंदी और 11वीं 12वीं के परीक्षार्थियों ने भी हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हल किया।

## पूज्यपाद अनन्तश्रीविभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज का संक्षिप्त जीवन-परिचय



भारत की पवित्र तपोभूमि में समय-समय पर अनेक महान पुरुषों को जन्म दिया है जिनसे स्वयं भारत और इसका प्राण सनातन वैदिक धर्म उत्तुंग हिमालय की तरह स्थिर व स्थित हैं। धार्मिक अनुष्ठानों एवं अध्यात्म ज्ञान के तत्त्वों का पोषक हमारा भारत संसार के समक्ष इतर-देशों की अपेक्षा अपना मस्तक ऊँचा किये हुए खड़ा है। ऐसे अध्यात्म राज्य के राजा महापुरुषों का आदर्श स्वीकार कर हमें अपने जीवन को उन्नत बनाना चाहिए। जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज करोड़ों सनातन हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रेरणापुंज और उनकी आस्था के ज्योति स्तम्भ हैं। लेकिन इससे भी परे वे एक उदार मानवतावादी सन्त है। परमवीतराग, निःस्पृह और राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत एक परमहंस साधु, जिनके मन में दलितों-शोषितों के प्रति असीम करुणा है, उनके विषय में सम्पूर्णता के दावे के साथ कुछ भी लिख पाना किसी के लिए भी असम्भव है। आप जरा उनके जीवन पर, उनके कार्यों पर एक नजर तो डालिये, कहीं भी किसी तरह के अभाव का अनुभव आपको नहीं होगा। अब इसे भला आप अभिव्यक्ति दे सकेंगे? पूर्णता को अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। हाँ, असम्पूर्ण से उसकी ओर संकेत अवश्य किया जा सकता है। वैसे ही जैसे कोई अपने दोनों हाथ फैलाकर महाकाश के महत्त्व को अभिव्यक्त करे। हमने भगवतपाद श्रीमदाद्यशंकराचार्य जी के कृतित्व को पढा सुना परन्तु पूज्य महाराज श्री के दर्शन कर उन्हें अनुभव किया।

### धरा अवतरण

पूज्य महाराजश्री का जन्म संवत 1970 के भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि (तदनुसार 2 सितम्बर, 1924 ई.) के शुभ दिन भारत के हृदयस्थल माने जाने वाले मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के दिघौरी गाँव में सनातन हिन्दू परम्परा के कुलीन ब्राह्मण परिवार में पिता श्री धनपति उपाध्याय एवं माता गिरिजा देवी के यहाँ हुआ। माता-पिता ने विद्वानों के आग्रह पर इनका नाम पोथीराम रखा। पोथी अर्थात शास्त्र, मानो यह शास्त्रावतार हो। ऐसे संस्कारी परिवार में पूज्यश्री के संस्कारों को जागृत होते देर न लगी और मात्र नव वर्ष की कोमल वय में आपने माता पिता की आज्ञा लेकर गृह त्याग कर धर्म यात्राएँ प्रारम्भ कर दीं।

### अध्ययन

भारत के प्रत्येक प्रसिद्ध तीर्थस्थानों और संतों के दर्शन करते हुए आप काशी पहुँचे। वहाँ आपने पहले गाजीपुर केरामपुर की पाठशाला में और फिर काशी आकर ब्रह्मलीन धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज एवं स्वामी महेश्वरानन्द सरस्वती जी जैसे तल्लज विद्वानों से वेद-वेदाङ्ग, शास्त्र-पुराणेतिहास सहित स्मृति एवं न्याय-ग्रन्थों का विधिवत अनुशीलन किया और अपनी प्रतिभा एवं विद्या के बल पर स्वल्पकाल में ही विद्वानों में अग्रणी बन गये।

